जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय, कोटा

राज्य महिला नीति (महिला प्रकोष्ठ)

सत्र 2022–2023

रिपोर्ट

जनवरी माह की गतिविधियाँ

जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय में दिनांक 27.01.2023 को राज्य महिला नीति के अंतर्गत महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में ''ग्रामीण परिवेश की छात्राओं का भविष्य एवं अवसर'' विषय पर विशेषज्ञा श्रीमती नेहा चतुर्वेदी, जिला परियोजना प्रबंधक राजीविका कोटा द्वारा एक महत्वपूर्ण एवं रोजगारोन्मुखी व्याख्यान दिया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ माँ सरस्वती के समक्ष दीप–प्रज्जवलन कर किया गया। महिला प्रकोष्ठ एवं राज्य महिला नीति प्रभारी डॉ. संगीता सिंह ने सभी का अभिनन्दन व स्वागत किया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता श्रीमती नेहा चतुर्वेदी, जिला परियोजना प्रबंधक, राजीविका ने अपनी वार्ता में छात्राओं के व्यक्तित्व विकास, आर्थिक स्वावलम्बन एवं सरल प्रक्रियाओं से स्वरोजगार शुरू कर सुन्दर भविष्य विकसित करने की प्रक्रियाएँ कई उदाहरण देकर प्रस्तुत की। उन्होनें कृषि सखी, नरेगा, डिजी पे सखी, इंदिरा शक्ति योजना, शिशु मुद्रा लोन, MPP (Milk pooling center), UJALA मिल्क परियोजना, RTC संस्थान द्वारा सिलाई, ब्यूटिशियन, सोप–निर्माण, कम्प्यूटर कोर्स का प्रशिक्षण, तेल निर्माण, मसाला आचार पापड़, मोमबत्ती, बेग निर्माण आदि के बारे में जानकारी दी। यदि ग्रामीण छात्राएँ राजीविका से जुड़ती है तो उनके रेज्यूमे के आधार पर विश्व स्वास्थ संगठन एवं यूनिसेफ भी उन्हे रोजगार दे सकते है।

प्राचार्य डॉ. संजय भार्गव ने छात्राओं को प्रेरणास्पद उद्बोधन देते हुए ग्रामीण परिवेश में महिलाओं द्वारा रोजगार सृजन की उपयोगिता के बारे में बताया एवं इस महत्वपूर्ण विषय की वार्ता आयोजित करने की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. ममता चौधरी द्वारा किया गया। समिति के सभी सदस्य डॉ. रेखा कालानी, सुश्री राखी मेठी व सुश्री सन्जू माहिच, अन्नू बंशीवाल ने कार्यक्रम मे सहयोग प्रदान किया। अन्त में महिला प्रकोष्ठ एवं राज्य महिला नीति प्रभारी डॉ. संगीता सिंह ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ प्रतिमा श्रीवास्तव, डॉ शुचिता जैन, डॉ नितिका सिंह, सुश्री अनिता मालव, डॉ स्मृति जौहरी आदि उपस्थित रहे।

ब्यूरो

ग्रामीण परिवेश की छात्राओं को रोजगार से जोड़ने की पहल

जे डी बी कॉलेज में छात्राओं के लिए रोजगारोन्मुखी व्यवस्था

कोटा ब्यूरो न्यूज

कोटा 28 जनवरी। जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय में दिनांक 27.01.2023 को राज्य महिला नीति के अंतर्गत महिला प्रकोष्ठ एवं ई. ओ. सी. के संयुक्त तत्वाधान में "ग्रामीण परिवेश की छात्राओं का भविष्य एवं अवसर" विषय पर विशेषज्ञा श्रीमती नेहा चतुर्वेदी, जिला परियोजना प्रबंधक राजीविका कोटा द्वारा एक महत्वपूर्ण एवं रोजगारोन्मुखी व्याख्यान दिया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर किया गया। महिला प्रकोष्ठ एवं राज्य महिला नीति प्रभारी डॉ. संगीता सिंह ने सभी का अभिनन्दन व स्वागत किया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता श्रीमती नेहा चतुर्वेदी, जिला परियोजना प्रबंधक राजीविका ने अपनी वार्ता में छात्राओं के व्यक्तित्व विकास, आर्थिक स्वावलम्बन एवं सरल प्रक्रियाओं से स्वरोजगार शुरू कर सुन्दर भविष्य विकसित करने की प्रक्रियाएँ कई उदाहरण देकर प्रस्तुत की। उन्होंनें कृषि सखी, नरेगा, डिजी पे सखी, इंदिरा शक्ति योजना, शिशु मुद्रा लोन, MPP (Milk pooling center), JALA मिल्क परियोजना, RTC संस्थान द्वारा सिलाई, ब्यूटिशियन, सोप-निर्माण, कम्प्यूटर कोर्स का प्रशिक्षण, तेल निर्माण, मसाला आचार पापड़, मोमबत्ती, बेग निर्माण आदि के बारे में जानकारी दी। यदि ग्रामीण छात्राएँ राजीविका से जुड़ती है तो उनके रेज्यूमे के आधार पर विश्व स्वास्थ संगठन एवं यूनिसेफ भी उन्हे रोजगार दे सकते है।

प्राचार्य डॉ. संजय भार्गव ने छात्राओं को प्रेरणास्पद उद्बोधन देते हुए ग्रामीण परिवेश में महिलाओं द्वारा रोजगार सृजन की उपयोगिता के बारे में बताया एवं इस महत्वपूर्ण विषय की वार्ता आयोजित करने की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. ममता चौधरी द्वारा किया गया। समिति के सभी सदस्य डॉ. रेखा कालानी, सुश्री राखी मेठी व सुश्री सन्जू माहिच, अन्नू बंशीवाल ने कार्यक्रम मे सहयोग प्रदान किया। अन्त में ई. ओ. सी. प्रभारी डॉ. मनीषा शर्मा एवं महिला प्रकोष्ठ एवं राज्य महिला नीति प्रभारी डॉ. संगीता सिंह ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ प्रतिमा श्रीवास्तव, डॉ शुचिता जैन, डॉ नितिका सिंह, अनिता मालव, डॉ स्मृति जौहरी आदि उपस्थित रहे

प्राचार्य
ज. दे. ब. राजकीय कन्या महाविद्यालय, कोटा